आकाशवाणी शिमला
27.05.2024/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

अनुराग

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। मतदान के लिए अब केवल 4 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा व कांग्रेस के नेता व उम्मीदवार निरंतर प्रचार में जुटे हुए है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर जिले के झंडुता क्षेत्र में कई नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया। उन्होंने केंद्र सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने देश की सेना को कमजोर करने का काम किया है।

प्रियंका गांधी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। हिमाचल दौरे के दौरान आज कांगड़ा जिले के शाहपुर और चंबा में चुनावी जनसभाओं में उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी गारंटियां पूरी कर जनता को लाभ पहुंचाया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार तमाम मुश्किलों के बावजूद ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करने के लिए दिन रात काम कर रही है और सभी गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के दौरान राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से कटौती कर प्रभावित परिवारों की मदद की है। कांग्रेस महासचिव ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा को विजयी बनाने में सहयोग का आग्रह किया ताकि विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाया जा सके। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केवल सत्ता हथियाने के लिए राजनीति करती है जिसका हाल ही में प्रदेश में भी उदाहरण देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री

इस बीच शाहपुर के चंबी में अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली ताकत है और जनता ही धन बल का मुकाबला कर सकती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटें और विधानसभा उपचुनाव की सभी छः सीटें बड़े अंतर से जीतेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व सरकार के कार्यकाल में बने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद कर दो हजार दो सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया है जिसे अब योजनाओं के माध्यम से लोगों में बांटा जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप ने आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस ने जनता को केवल गुमराह और परेशान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए वायदों को पूरा करने में भी नाकाम रही है।

जागरूकता वाहन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग द्वारा रवाना किए गए मतदाता जागरूकता वाहन प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंच गए हैं। इन जिला मुख्यालयों से जागरूकता वाहनों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इन वाहनों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को एक जून को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़ कर और सक्रिय रूप से भाग लेने का आहवान किया है।

ईवीएम

लोकसभा चुनाव और लाहौल स्पिति विधानसभा उपचुनाव के लिए ई.वी.एम. सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से काज़ा पहुंचा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि स्पीति उपमंडल के 29 मतदान केंद्रों के लिए 11 अतिरिक्त मशीनें भेजी गई है। उन्होंने कहा कि ई.वी.एम. और वी.वी. पैट मशीनों को काज़ा में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में सुरक्षित पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि ई.वी.एम. ले जाते समय चुनाव आयोग की ओर से जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार एक जून को मतदान के बाद दो जून को सभी मशीनों को केलंग में बने स्ट्रॉग रूम में पहुंचाया जाएगा।

पुण्य तिथि

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी और उनके त्याग व बलिदान को याद किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने कुशल नेतृत्व व सशक्त निर्णयों से आधुनिक भारत की नींव रखी थी।

———————————